दिनांक : 27.01.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एनसीसी की वार्षिक रैली को करेंगे संबोधित।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जन कल्याण अभियान के समापन अवसर पर इंदौर में हितग्राहियों के सम्मेलन में होंगे शामिल।
- प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिये आज से मुख्यमंत्री की जापान यात्रा।
- प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या को लेकर तैयारियां शुरू। आज गृहमंत्री अमित शाह पहुंचेंगे प्रयागराज।

प्रधानमंत्री-एनसीसी रैली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर- एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे। राजधानी के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित रैली की इस वर्ष की थीम है- युवा शक्ति, विकसित भारत। आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता दर्शायी जाएगी। रैली में 18 मित्र देशों के 144 युवा कैडेट की भी भागीदारी होगी।

इसके अलावा, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय से संबद्ध 650 से अधिक स्वयंसेवक भी रैली में विशेष अतिथियों के रूप में शामिल होंगे।

जनकल्याण समापन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जन-कल्याण अभियान के समापन कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं में चयनित पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन इंदौर के गांधी नगर में किया गया है। इसमें इंदौर एवं उज्जैन संभाग के हितग्राही शामिल होंगे। केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया गया। अभियान में हजारों हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभांवित किया गया। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि समापन समारोह का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जायेगा।

बौद्ध महोत्सव-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज दुनिया को युद्ध की नहीं, बुद्ध के बताये ज्ञान पर अमल की जरूरत है। मुख्यमंत्री कल भोपाल में 9वें अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों द्वारा चयनित विभूतियों को "अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध शांति पुरस्कार" प्रदान किया तथा महोत्सव पर आधारित "स्मारिका" का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को सदैव ही सम्मान दिया है। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को हुई कैबिनेट मीटिंग में महू के डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में विधि संकाय प्रारंभ करने के लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। उन्होंने कहा कि सांची स्थित बौद्ध ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय को भी हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप बनायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने गौतम बुद्ध के मार्ग अपने जीवन में अपनाया।

अच्छी खबर-बैतूल

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर तरक्की की राह दिखा रहा है। बैतूल जिले में स्व-सहायता समूह बनाकर महिलाए अपनी आमदानी बढ़ा रही हैं। पेश है हमारे बैतूल संवाददाता की रिपोर्ट-

वाइस ओवर-संवाददाता, बैतूल

जापान यात्रा- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं को साकार करने के उद्देश्य से जापान की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। इस दौरान प्रत्येक माह उद्योगों की स्थापना और निवेश को प्रोत्साहित करने की गतिविधियां होंगी। जापान यात्रा से इसकी शुरूआत हो रही है। अगले माह भोपाल में होने वाली ग्लोबल

इन्वेसटर्स समिट के आयोजन की भव्य तैयारियों के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस समिट में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित होकर मार्गदर्शन देंगे।

कल भोपाल में राष्ट्रीय मानव संग्रहालय पहुँचकर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में 24 और 25 फरवरी को हो रही जीआईएस में 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह प्रयास है कि प्रतिभागी देशों की संख्या 50 तक हो जाए। दो दिन तक चलने वाली समिट में 15 हजार से अधिक इन्वेस्टर्स प्रतिभागी बनेंगे।

पद्म श्री

हाल ही में घोषित पद्म पुरस्कारों में सतना जिले के चित्रकूट के प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। श्री जैन ने इस सम्मान के लिए भारत सरकार का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान करोड़ों नेत्र रोगियों को सर्मपित जिन्होंने उन पर भरोसा किया।

महाकुंभ अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रयागराज जाएंगे। वे गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम स्थल पर पवित्र जल में डुबकी भी लगाएंगे। इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुम्भ क्षेत्र को आज से वाहन रहित क्षेत्र घोषित किया है। यह फैसला 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर संभावित भारी भीड़ के सुचारू प्रबंधन के लिए लिया गया है।

लोकरंग-राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि हमारे प्रदेश की सांस्कृतिक जड़ें बहुत मजबूत हैं और सदियों से संरक्षित है। इसलिए, हम सबकी जिम्मेदारी है कि लोक-संस्कृति, कलाओं के संरक्षण एवं प्रोत्साहन प्रयासों के लिए गण और तंत्र मिलकर कार्य करे। राज्यपाल श्री पटेल कल भोपाल में लोकरंग कार्यक्रम के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कार्यक्रम में साहित्यकारों को राष्ट्रीय सम्मान से विभूषित किया। गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया। संस्कृति विभाग के द्वारा तैयार किये गये घुमंतु जनजातियों के भाषाकोष की वेबसाइट और पुस्तकों का लोकार्पण किया। दुर्लभ वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

उत्तराखंड-यूसीसी

समान नागरिक संहिता-यूसीसी आज से उत्तराखंड में लागू हो रही है। उत्तराखंड देश में यह अधिनियम लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विनियमों की मंजूरी और संबंधित कर्मियों के प्रशिक्षण सहित अधिनियम लागू करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

गणतंत्र दिवस-मध्यान्ह भोजन

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश में कल कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इनमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्कूल में वितरित हो रहे मध्यान्ह भोजन विद्यार्थियों के साथ किया। राजगढ़ में सांसद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव और कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने ग्राम पिपलबे आश्रम के माध्यमिक हाई स्कूल में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना अंतर्गत आयोजित विशेष भोज में विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया। बैतूल में प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल शासकीय नवीन हाई स्कूल हमलापुर में आयोजित विशेष भोज में शामिल हुए। खंडवा में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलपुरा में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें खण्डवा विधायक श्रीमती कंचन तनवे, कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, शिक्षकगण तथा छात्र छात्राएं मौजूद थे।

समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि यूनियन कार्बाइड के कचरे के निष्पादन को लेकर धार जिले में जनसंवाद जारी है। इस संबंध में जनता के सभी सवालों का जवाब दिया जा रहा है।
- ग्वालियर में गणतंत्र दिवस की शाम कल भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोक कलाकारों ने देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए।
- जबलपुर में कठौंदा के पटाखा बाजार में लगी आग को पूरी तरह काबू कर लिया गया है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।
- श्योपुर में जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा कल जिला पंचायत में 32.37 लाख रूपये की लागत से नव निर्मित कॉन्फ्रेस हॉल का लोकार्पण किया।

- पन्ना मे अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट का कल समापन हो गया। फाइनल मैच मे बिल्डप फुटबाल एकेडमी रायसेन ने साईं फुटवाल एकादश त्रिवेंद्रम केरल को 5-2 से हराया।

-------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

(1) जनकल्याण समापन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जन-कल्याण अभियान के समापन कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं में चयनित पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन इंदौर के गांधी नगर में किया गया है। इसमें इंदौर एवं उज्जैन संभाग के हितग्राही शामिल होंगे। केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया गया। अभियान में हजारों हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभांवित किया गया। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि समापन समारोह का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जायेगा।

(2) बौद्ध महोत्सव-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज दुनिया को युद्ध की नहीं, बुद्ध के बताये ज्ञान पर अमल की जरूरत है। मुख्यमंत्री कल भोपाल में 9वें अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों द्वारा चयनित विभूतियों को "अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध शांति पुरस्कार" प्रदान किया तथा महोत्सव पर आधारित "स्मारिका" का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को सदैव ही सम्मान दिया है। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को हुई कैबिनेट मीटिंग में महू के डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में विधि संकाय प्रारंभ करने के लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। उन्होंने कहा कि सांची स्थित बौद्ध ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय को भी हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप बनायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने गौतम बुद्ध के मार्ग अपने जीवन में अपनाया।

**बाईट- मुख्यमंत्री**

(3) अच्छी खबर-बैतूल

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर तरक्की की राह दिखा रहा है। बैतूल जिले में स्व-सहायता समूह बनाकर महिलाए अपनी आमदानी बढ़ा रही हैं। पेश है हमारे बैतूल संवाददाता की रिपोर्ट-

वाइस ओवर-संवाददाता, बैतूल

v/o 1 (PTC) - स्वसहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं द्वारा विभिन्न सेवा उद्यम एवं व्यवसाय आधारित गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिससे महिलाओं की आमदानी में लगातार इजाफा हो रहा है। जिला पंचायत बैतूल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने आकाशवाणी से चर्चा में बताया कि-------

Bite 01- अक्षत जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी

v/o 2 (PTC)- योजना से लाभान्वित गंगा आजीविका स्वयंसहायता समूह की भारती सिनोठिया ने बताया कि--------

Bite 02 – भारती सिनोठिया

v/o 3 ( PTC)

आकाशवाणी समाचार के लिए बैतूल से मयंक भार्गव।

(4) जापान यात्रा- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं को साकार करने के उद्देश्य से जापान की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। इस दौरान प्रत्येक माह उद्योगों की स्थापना और निवेश को प्रोत्साहित करने की गतिविधियां होंगी। जापान यात्रा से इसकी शुरूआत हो रही है। अगले माह भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेसटर्स समिट के आयोजन की भव्य तैयारियों के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस समिट में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित होकर मार्गदर्शन देंगे।

कल भोपाल में राष्ट्रीय मानव संग्रहालय पहुँचकर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में 24 और 25 फरवरी को हो रही जीआईएस में 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह प्रयास है कि प्रतिभागी देशों की संख्या 50 तक हो जाए। दो दिन तक चलने वाली समिट में 15 हजार से अधिक इन्वेस्टर्स प्रतिभागी बनेंगे।

(5) पद्म श्री

हाल ही में घोषित पद्म पुरस्कारों में सतना जिले के चित्रकूट के प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। श्री जैन ने इस सम्मान के लिए भारत सरकार का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान करोड़ों नेत्र रोगियों को सर्मपित जिन्होंने उन पर भरोसा किया।

**बाईट- डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन**

(6) लोकरंग-राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि हमारे प्रदेश की सांस्कृतिक जड़ें बहुत मजबूत हैं और सदियों से संरक्षित है। इसलिए, हम सबकी जिम्मेदारी है कि लोक-संस्कृति, कलाओं के संरक्षण एवं प्रोत्साहन प्रयासों के लिए गण और तंत्र मिलकर कार्य करे। राज्यपाल श्री पटेल कल भोपाल में लोकरंग कार्यक्रम के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कार्यक्रम में साहित्यकारों को राष्ट्रीय सम्मान से विभूषित किया। गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया। संस्कृति विभाग के द्वारा तैयार किये गये घुमंतु जनजातियों के भाषाकोष की वेबसाइट और पुस्तकों का लोकार्पण किया। दुर्लभ वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

(7) गणतंत्र दिवस-मध्यान्ह भोजन

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश में कल कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इनमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्कूल में वितरित हो रहे मध्यान्ह भोजन विद्यार्थियों के साथ किया। राजगढ़ में सांसद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव और कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने ग्राम पिपलबे आश्रम के माध्यमिक हाई स्कूल में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना अंतर्गत आयोजित विशेष भोज में विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया। बैतूल में प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल शासकीय नवीन हाई स्कूल हमलापुर में आयोजित विशेष भोज में शामिल हुए। खंडवा में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलपुरा में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें खण्डवा विधायक श्रीमती कंचन तनवे, कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, शिक्षकगण तथा छात्र छात्राएं मौजूद थे।

....................................................

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एनसीसी की वार्षिक रैली को करेंगे संबोधित।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जन कल्याण अभियान के समापन अवसर पर इंदौर में हितग्राहियों के सम्मेलन में होंगे शामिल।
- प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिये आज से मुख्यमंत्री की जापान यात्रा।

  **और**
- प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या को लेकर तैयारियां शुरू। आज गृहमंत्री अमित शाह पहुंचेंगे प्रयागराज।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**प्रधानमंत्री–एनसीसी रैली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर– एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे। राजधानी के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित रैली की इस वर्ष की थीम है– युवा शक्ति, विकसित भारत। आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता दर्शायी जाएगी। रैली में 18 मित्र देशों के 144 युवा कैडेट की भी भागीदारी होगी।

इसके अलावा, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय से संबद्ध 650 से अधिक स्वयंसेवक भी रैली में विशेष अतिथियों के रूप में शामिल होंगे।

**जनकल्याण समापन–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जन–कल्याण अभियान के समापन कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं में चयनित पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन इंदौर के गांधी नगर में किया गया है। इसमें इंदौर एवं उज्जैन संभाग के हितग्राही शामिल होंगे। केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं में शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन–कल्याण अभियान चलाया गया। अभियान में हजारों हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभांवित किया गया। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि समापन समारोह का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जायेगा।

**बौद्ध महोत्सव–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज दुनिया को युद्ध की नहीं, बुद्ध के बताये ज्ञान पर अमल की जरूरत है। मुख्यमंत्री कल भोपाल में 9वें अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों द्वारा चयनित विभूतियों को "अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध शांति पुरस्कार" प्रदान किया तथा महोत्सव पर आधारित "स्मारिका" का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को सदैव ही सम्मान दिया है। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को हुई कैबिनेट मीटिंग में महू के डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में विधि संकाय प्रारंभ करने के लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। उन्होंने कहा कि सांची स्थित बौद्ध ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय को भी हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप बनायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने गौतम बुद्ध के मार्ग अपने जीवन में अपनाया।

**बाईट– मुख्यमंत्री**

**अच्छी खबर–बैतूल**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर तरक्की की राह दिखा रहा है। बैतूल जिले में स्व–सहायता समूह बनाकर महिलाए अपनी आमदनी बढ़ा रही हैं। पेश है हमारे बैतूल संवाददाता की रिपोर्ट–

**वाइस ओवर–संवाददाता, बैतूल**

v/o 1 (PTC) - स्वसहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं द्वारा विभिन्न सेवा उद्यम एवं व्यवसाय आधारित गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिससे महिलाओं की आमदानी में लगातार इजाफा हो रहा है। जिला पंचायत बैतूल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने आकाशवाणी से चर्चा में बताया कि————————

Bite 01- अक्षत जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी

v/o 2 (PTC)- योजना से लाभान्वित गंगा आजीविका स्वयंसहायता समूह की भारती सिनोठिया ने बताया कि———————

Bite 02 – भारती सिनोठिया

v/o 3 ( PTC)

आकाशवाणी समाचार के लिए बैतूल से मयंक भार्गव।

**जापान यात्रा– मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं को साकार करने के उद्देश्य से जापान की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। इस दौरान प्रत्येक माह उद्योगों की स्थापना और निवेश को प्रोत्साहित करने की गतिविधियां होंगी। जापान यात्रा से इसकी शुरूआत हो रही है। अगले माह भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेसटर्स समिट के आयोजन की भव्य तैयारियों के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस समिट में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित होकर मार्गदर्शन देंगे।

कल भोपाल में राष्ट्रीय मानव संग्रहालय पहुँचकर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में 24 और 25 फरवरी को हो रही जीआईएस में 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह प्रयास है कि प्रतिभागी देशों की संख्या 50 तक हो जाए। दो दिन तक चलने वाली समिट में 15 हजार से अधिक इन्वेस्टर्स प्रतिभागी बनेंगे।

**पद्म श्री**

हाल ही में घोषित पद्म पुरस्कारों में सतना जिले के चित्रकूट के प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। श्री जैन ने इस सम्मान के लिए भारत सरकार का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान करोड़ों नेत्र रोगियों को सर्मपित जिन्होंने उन पर भरोसा किया।

**बाईट– डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन**

**महाकुंभ अमित शाह**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रयागराज जाएंगे। वे गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम स्थल पर पवित्र जल में डुबकी भी लगाएंगे। इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुम्भ क्षेत्र को आज से वाहन रहित क्षेत्र घोषित किया है। यह फैसला 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर संभावित भारी भीड़ के सुचारू प्रबंधन के लिए लिया गया है।

**लोकरंग–राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि हमारे प्रदेश की सांस्कृतिक जड़ें बहुत मजबूत हैं और सदियों से संरक्षित है। इसलिए, हम सबकी जिम्मेदारी है कि लोक–संस्कृति, कलाओं के संरक्षण एवं प्रोत्साहन प्रयासों के लिए गण और तंत्र मिलकर कार्य करे। राज्यपाल श्री पटेल कल भोपाल में लोकरंग कार्यक्रम के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कार्यक्रम में साहित्यकारों को राष्ट्रीय सम्मान से विभूषित किया। गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया। संस्कृति विभाग के द्वारा तैयार किये गये घुमंतु जनजातियों के भाषाकोष की वेबसाइट और पुस्तकों का लोकार्पण किया। दुर्लभ वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

**उत्तराखंड–यूसीसी**

समान नागरिक संहिता–यूसीसी आज से उत्तराखंड में लागू हो रही है। उत्तराखंड देश में यह अधिनियम लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विनियमों की मंजूरी और संबंधित कर्मियों के प्रशिक्षण सहित अधिनियम लागू करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**गणतंत्र दिवस–मध्यान्ह भोजन**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश में कल कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इनमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्कूल में वितरित हो रहे मध्यान्ह भोजन विद्यार्थियों के साथ किया। राजगढ़ में सांसद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव और कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने ग्राम पिपलबे आश्रम के माध्यमिक हाई स्कूल में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना अंतर्गत आयोजित विशेष भोज में विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया। बैतूल में प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल शासकीय नवीन हाई स्कूल हमलापुर में आयोजित विशेष भोज में शामिल हुए। खंडवा में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलपुरा में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें खण्डवा विधायक श्रीमती कंचन तनवे, कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, शिक्षकगण तथा छात्र छात्राएं मौजूद थे।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- प्रदेश में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि यूनियन कार्बाइड के कचरे के निष्पादन को लेकर धार जिले में जनसंवाद जारी है। इस संबंध में जनता के सभी सवालों का जवाब दिया जा रहा है।
- ग्वालियर में गणतंत्र दिवस की शाम कल भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोक कलाकारों ने देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए।
- जबलपुर में कठौंदा के पटाखा बाजार में लगी आग को पूरी तरह काबू कर लिया गया है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।
- श्योपुर में जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा कल जिला पंचायत में 32.37 लाख रूपये की लागत से नव निर्मित कॉन्फ्रेस हॉल का लोकार्पण किया।
- पन्ना मे अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट का कल समापन हो गया। फाइनल मैच मे बिल्डप फुटबाल एकेडमी रायसेन ने साईं फुटवाल एकादश त्रिवेंद्रम केरल को 5–2 से हराया।

————————